छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

File No.: **PROJ-206/4/2026-UAD** नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक:

प्रति,

1. **समस्त आयुक्त,**
   नगर पालिक निगम, छत्तीसगढ़
2. **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
   जिला मुख्यालय, छत्तीसगढ़

विषय : निगम क्षेत्र अंतर्गत इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन / चार्जिंग पॉइंट स्थापित किये जाने हेतु उपयुक्त स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत।

--00--

भारत सरकार, भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम ई-ड्राइव योजना अंतर्गत राज्य शासन के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन / चार्जिंग पॉइंट स्थापित किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है। उक्त योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम क्षेत्रों में 02 व्हीलर एवं 04व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु लगभग 25से 30स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन / चार्जिंग पॉइंट स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है।

इस संबंध में निम्न बिंदुओं के आधार पर निगम क्षेत्र अंतर्गत उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर पृथक-पृथक जानकारी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें :-

1. स्थल का चयन वाहन खड़े करने की पर्याप्त क्षमता के आधार पर किया जाये।
2. चयनित स्थान सार्वजनिक एवं सुगम्य हो, जैसे – पार्किंग स्थल, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, अस्पताल परिसर आदि।
3. चयनित स्थल पर विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता अथवा निकटता सुनिश्चित हो।
4. शासकीय / निगम स्वामित्व की भूमि को प्राथमिकता प्रदान की जाये।
5. प्रत्येक स्थल हेतु स्थान का पूर्ण पता , अक्षांश-देशांतर (Latitude-Longitude)तथा स्थल के न्यूनतम 02 फोटोग्राफ संलग्न किये जायें।
6. यह सुनिश्चित किया जाये कि स्थल पर लगभग 800 वर्गफुट भूमि उपलब्ध हो एवं विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जाना संभव हो।
7. प्रस्तावित प्रत्येक चार्जिंग स्टेशन की न्यूनतम कुल क्षमता 144 kWसुनिश्चित की जाये।
8. योजना प्रावधान अनुसार नगर निगम क्षेत्र श्रेणी ‘ B’ अंतर्गत स्थापित किये जाने वाले चार्जिंग स्टेशनों हेतु विद्युत अधोसंरचना (Upstream Infrastructure)लागत का 80%एवं चार्जिंग मशीन/उपकरण लागत का 70%तक अनुदान भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।
9. उक्त योजना अंतर्गत शेष व्यय राशि की व्यवस्था हेतु संबंधित नगर निगम द्वारा संबंधित कलेक्टर के साथ समन्वय स्थापित कर उपलब्ध वित्तीय स्त्रोतों/वित्तीय संसाधनों से आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।
10. स्थल चयन के पूर्व संबंधित स्थल की व्यवहार्यता (Feasibility)एवं उपयोगिता का परीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें।

अतः संबंधित नगर निगम आयुक्त एवं जिला मुख्यालय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी , संबंधित कलेक्टर से समन्वय स्थापित करते हुए योजना अंतर्गत उपयुक्त स्थलों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
R. SHANGEETHA
Date: 02-06-2026
09:51:37

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

File No.: **PROJ-206/4/2026-UAD** नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक

प्रतिलिपि:-

1. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मान. उप मुख्यमंत्री जी, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर ।
2.सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, परिवहन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ।
3. संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, नवा रायपुर अटल नगर।
5. समस्त संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़।
6. प्रोग्रामर, डाटा सेन्टर, संचा., नगरीय प्रशासन एवं विकास, विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

7. गार्ड फाईल हेतु।